कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री अखिलेश कुमार मिश्रा पुत्र श्री मदनलाल जी मिश्रा ठेकेदार मिश्रा सदन पंचायत समिति रोड दौसा जिला दौसा–303303

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा
अपील सं0 11/2020

निर्णय दिनांक : 02.07.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु लॉकडाउन के कारण कार्यवाही लम्बित रहने के पश्चात आज पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा से संबंधित है। आवेदक को वांछित सूचना प्राप्त नहीं होने पर उनके द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2020/755 दिनांक 04.03.2020 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। किंतु लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं करवाई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा